# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

# SAMPLE PAPER

**PERIODIC TEST – II SESSION 2025 – 26**

**CLASS – X**

**TIME : 1. 30 MIN.** **SUBJECT – HINDI** **M.M:40**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

- **इस प्रश्नपत्र में 4 खंड हैं ।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।**

**खंड 'क'**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5×1=5)

जिस प्रकार बीज के उगने और बढ़ने के लिए मौसम विशेष नहीं, अपेक्षित परिस्थितियों का निर्माण है। उसी प्रकार किसी भी कार्य में सफलता पाने के लिए बाहरी परिस्थितियाँ नहीं, मन की सकारात्मक वृद्धि अनिवार्य है और वह सकारात्मक वृत्ति है हमारा संकल्प 'संकल्पाः कल्पतरवः तेजः कल्पकोद्यानम्' अर्थात संकल्प ही कल्पतरु हैं और तेज अथवा मन उन कल्पतरुओं का उद्यान है। जैसी कल्पना वैसा उद्यान अर्थात जीवन की दिशा और दशा। गहन संकल्प से ही संभव है पूर्ण सफलता। कुछ कर गुज़रने के लिए वास्तव में मौसम अथवा बाहरी परिस्थितियाँ ही सब कुछ नहीं है। सबसे महत्त्वपूर्ण है मन। इस संपूर्ण सृष्टि के सृजन के मूल में मन ही तो है। मन ही वह अदृश्य सूक्ष्म बीज अथवा सत्ता है जिससे यह पृथ्वी रूपी विशाल वट-वृक्ष अस्तित्व में आया और निरंतर पल्लवित पुष्पित हो रहा है। तभी तो कहा गया है— कुछ कर गुज़रने के लिए मौसम नहीं मन चाहिए। साधन सभी जुट जाएँगे संकल्प का धन चाहिए।

(क) जीवन में कुछ कर गुजरने के लिए क्या आवश्यक है ?
(ख) कार्य में सफलता के लिए क्या अनिवार्य है ?
(ग) बीज के उगने और बढ़ने के लिए जरूरी है ?
(घ) हमारी सकारात्मक वृत्ति क्या है ?
(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**खंड 'ख'**

2. निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए - (2)
   क . आप खाना खा कर आराम करें। (संयुक्त वाक्य)
   ख. परिश्रमी छात्र सबको अच्छे लगते हैं । (मिश्र वाक्य)

3. निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कीजिए तथा समास का नाम भी बताइए - (2)
   (क) नीलांबर (ख) धनहीन (ग) चौराहा (घ) रुपया-पैसा

4.निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : (2)
क. रावण <u>तेज भागता है।</u> - में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।
ख. <u>सबसे अधिक तेज दौड़ने वाले तुम</u> आज पीछे कैसे रह गए। - में रेखांकित पदबंध कौन-सा है?

5. उचित मुहावरों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - (2)
(क) बच्चे अपने माता-पिता की _________ हैं।
(ख) आजकल तो तुम दिखाई नहीं देते तुम तो ______________ ।

**खंड 'ग'**

6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए - (4×1=4)

कंपनी बाग के मुहाने पर
धर रखी गई है यह 1857 की तोप
इसकी होती है बड़ी सम्हाल, विरासत में मिले
कंपनी बाग की तरह
साल में चमकाई जाती है दो बार।
सुबह-शाम कंपनी बाग में आते हैं बहुत-से सैलानी उन्हें बताती है यह तोप
कि मैं बड़ी ज़बर
उड़ा दिए थे मैंने
अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे, अपने ज़माने में।

i. तोप को कहाँ रखा गया है

(क) नगर के चौराहे पर (ख) कंपनी बाग के मुहाने पर (ग) छावनी के मुख्य द्वार पर (घ) नेशनल पार्क में

ii. कंपनी बाग के मुहाने पर रखी तोप किस समय की है

(क) सन् 1800 की (ग) सन् 1857 की (ख) सन् 1820 की (घ) सन् 1890 की

iii. तोप को साल में कितनी बार चमकाया जाता है

(क) चार बार (ख) दो बार (ग) तीन बार (घ) एक बार

iv. तोप अपने ज़माने में कैसी थी

(क) बहुत कमज़ोर (ख) बहुत कीमती (ग) बहुत शक्तिशाली (घ) बहुत सुंदर

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दें - (4×1=4)

शुद्ध सोना अलग है और गिन्नी का सोना अलग। गिन्नी के सोने में थोड़ा-सा ताँबा मिलाया हुआ होता है, इसलिए वह ज़्यादा चमकता है और शुद्ध सोने से मजबूत भी होता है। औरतें अकसर इसी सोने के गहने बनवा लेती हैं। फिर भी होता तो वह है गिन्नी का ही सोना।शुद्ध आदर्श भी शुद्ध सोने के जैसे ही होते हैं। चंद लोग उनमें व्यावहारिकता का थोड़ा-सा ताँबा मिला देते हैं और चलाकर दिखाते हैं। तब हम लोग उन्हें 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट' कहकर उनका बखान करते हैं।

i. गिन्नी के सोने में क्या मिला होता है-

(क) चाँदी (ख) ताँबा (ग) लोहा (घ) पीतल

ii. गिन्नी के सोने की विशेषता है-

(क) वह अधिक चमकता है (ख) शुद्ध सोने से अधिक मज़बूत होता है

(ग) उसमें ताँबे की मिलावट होती है (घ) उपर्युक्त सभी।

iii. शुद्ध आदर्श किसके समान होते हैं-

(क) शुद्ध सोने के (ख) ताँबे के (ग) लोहे के (घ) गिन्नी के

iv. चंद लोग क्या करते हैं-

(क) शुद्ध सोना बेचते हैं (ख) शुद्ध आदर्शों का पालन करते हैं

(ग) सोने में पीतल मिला देते हैं (घ) शुद्ध आदर्शों में व्यावहारिकता का ताँबा मिला देते हैं

8.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें - (4×2=8)

क. 'टी-सेरेमनी' में कितने आदमियों को प्रवेश दिया जाता था और क्यों ?

ख. कंपनी बाग में रखी तो क्या सीख देती है ?

ग. आत्मत्राण कविता हमें क्या संदेश देती है?

घ. लेखक की मां ने रोजा क्यों रखा था - अब कहां दूसरों के दुख में दुखी होने वाले पाठ के आधार पर बताएं।

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें - (2×3=6)

क. इफ़्फ़न की दादी अपने बेटे की शादी में गाने-बजाने की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाई ?

ख. टोपी तीसरी बार भी नवीं कक्षा में थर्ड डिवीजन में पास क्यों हुआ ?

## खंड 'घ'

10. किसी जंगल में एक लकड़हारा रहता था। उसने अपनी मेहनत और लगन से उस जंगल को बहुत सुंदर बना दिया ............. पंक्ति से आरंभ करते हुए एक लघु कथा लिखिए। (5)

या

आप रवि / सुकृति हैं। आपकी भतीजी ने क्लर्क की नौकरी के लिए अपनी पढ़ाई छोड़ने का फैसला किया है क्योंकि उसे लगता है कि वह अपनी पढ़ाई का खर्च वहन नहीं कर सकती। उसे अपनी पढ़ाई जारी रखने और अपने सपनों को पूरा करने का आग्रह करते हुए एक ईमेल लिखें।